CORDS®

**CORDS CABLE INDUSTRIES LTD.**
REGD. OFFICE : 94, 1st Floor, Shambhu Dayal Bagh Marg,
Near Okhla Industrial Area Phase-III,
Old Ishwar Nagar, New Delhi - 110020
Tel : +91-11-40551200
Website : www.cordscable.com : Email : ccil@cordscable.com
CIN: L74999DL1991PLC046092

**Date: 14.05.2024**

| | |
|---|---|
| Listing Department (Compliance Cell),<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza,Plot no. C/1, G Block,<br>Bandra Kurla Complex,Bandra (E),<br>Mumbai- 400051<br>**Scrip Code: CORDSCABLE** | Listing Department (Compliance Cell),<br>Bombay Stock Exchange Ltd.<br>Floor 25, PJ Towers,<br>Dalal Street,<br>Mumbai- 400001<br>**Scrip Code: 532941** |

**Sub : Newspaper Publication regarding Intimation of Board Meeting**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copies of the newspapers advertisements published in the Financial Express and Jansatta dated May 14th , 2024 regarding intimation of 210th Board Meeting of the Company to consider,discuss and approve, inter alia,:

- the Audited financial results along with Auditors Report, Cash Flow Statement and Statement of Assets and Liabilities for the Fourth Quarter / Financial Year ended on March 31, 2024.
- the recommendation of final dividend, if any, on the equity shares of the Company for the financial year ended March 31, 2024, for the approval of the shareholders at the ensuing Annual General Meeting.

Kindly take the same on your record and acknowledge the receipt.

Thanking you,

Yours Faithfully,
**FOR CORDS CABLE INDUSTRIES LIMITED**

**AUTHORISED SIGNATORY**

### निगम पार्षदों के साथ बैठक में बोले केजरीवाल

# अगर सरकार बनी तो पांच जून को मैं जेल से बाहर आ जाऊंगा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 मई।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि यदि लोकसभा चुनाव के परिणाम की घोषणा के बाद इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो वह पांच जून को तिहाड़ जेल से बाहर आ जाएंगे। उन्होंने यह बात लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी के निगम पार्षदों के साथ बैठक के दौरान कही।

केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के पार्षदों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि तिहाड़ में हिरासत के दौरान उन्हें अपमानित करने के प्रयास किया गया। जेल से वापस आने के बाद पार्षदों से यह उनकी पहली बैठक थी। मुख्यमंत्री ने पार्षदों को और मेहनत व लगन के साथ दिल्ली की साफ-सफाई कार्य में जुटने का आ''ान किया। उन्होंने दावा किया कि तिहाड़ जेल में मेरी कोठरी में दो सीसीटीवी कैमरे थे और 13 अधिकारी उस पर पल-पल



**जेल से निकलने के बाद पार्षदों के साथ पहली बैठक थी। केजरीवाल ने कहा तिहाड़ में उन्हें अपमानित करने के प्रयास किया गया।**

नजर रख रहे थे। बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भी दिया गया था। केंद्र सरकार मुझ पर नजर रख रही थी। मुझे पता नहीं कि पीएमओ को मुझसे क्या परेशानी है। उन्होंने निशाना साधते हुए कहा कि 400 पार का नारा देने वाली भाजपा की 250 सीटें भी आएंगी या नहीं, आज इस पर शर्त लग रही है।

केजरीवाल ने कहा कि आप नेताओं का लोग सम्मान करते हैं और उन्हें प्यार करते हैं और हमारे काम के कारण भाजपा डरती है। केजरीवाल ने कहा कि उनकी गिरफ्तारी के बाद आप टूटने के बजाय और अधिक एकजुट हो गई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली और एमसीडी की सरकार गिराने के लिए मुझे गिरफ्तार किया, लेकिन नाकाम रही। केजरीवाल ने कहा कि मैं मानसिक तौर पर तैयार था कि मुझे छह महीने जेल में रहना पड़ेगा, लेकिन ऊपर वाले की कृपा से आप सबके बीच में हूं। उन्होंने कहा कि अगले 21 दिनों में जहां-जहां संभव होगा, वहां जाऊंगा और भाजपा को हराने के लिए प्रचार करूंगा।

केजरीवाल ने कहा कि मुझे दो जून को जेल वापस जाना होगा। मैं जेल के अंदर चार जून को चुनाव परिणाम देखूंगा। यदि इंडिया गठबंधन सत्ता में आती है तो पांच जून को मैं वापस आऊंगा। इस दौरान आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने पार्षदों से बूथ स्तर पर मजबूती से जनसंपर्क करने को कहा।

### पेट्रोल पंप पर मारपीट का मामला

# अमानतुल्लाह और उनके बेटे के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 13 मई।

नोएडा में पेट्रोल पंप कर्मी के साथ मारपीट के मामले में नोएडा कोर्ट से आप विधायक अमानतुल्लाह खान, उसके बेटे अनस और एक अन्य आरोपी अबू बकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया है।

इससे पहले अमानतुल्लाह खान के घर शनिवार को नोएडा पुलिस नोटिस देने पहुंची थी। मगर, विधायक अपने बेटे के साथ कई दिन से घर से गायब हैं। लिहाजा, नोएडा पुलिस ने घर पर नोटिस चिपका दिया था। नोएडा पुलिस अभी तक मामले के मुख्य आरोपी विधायक को गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

नोएडा पुलिस का आरोप है कि अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वहीं थाना फेस वन पुलिस ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान मामले में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि पकड़ा गया युवक इकरार अहमद घटना

**अमानतुल्लाह खान के घर शनिवार को नोएडा पुलिस नोटिस देने पहुंची थी। मगर, विधायक अपने बेटे के साथ कई दिन से घर से गायब हैं।**

के समय विधायक के बेटे के साथ मौजूद था। इकरार के अलावा और कई लोग भी विधायक के बेटे अनस के साथ थे, पुलिस अब इनकी तलाश में लगी है। इस मामले में पुलिस का कहना हकि मामले से जुड़े सभी आरोपियों की गिरफ्तार की जाएगी।

नोएडा पुलिस अभी तक इस मामले में मुख्य आरोपी विधायक अमानतुल्लाह खान और उसके बेटे अनस को गिरफ्तार नहीं कर पाई है, जबकि आम आदमी पार्टी के विधायक सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं। दिल्ली के ओखला क्षेत्र से आप विधायक अमानतुल्लाह खान और बेटे अनस समेत अज्ञात के खिलाफ गत 7 मई को थाना फेस वन में मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

## खबर कोना

### ग्रेनो वेस्ट में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 13 मई।

थाना बिसरख क्षेत्र के सेक्टर 2 में सोमवार सुबह सैर पर निकले लोगों ने एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा। शव देखकर लोगों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि युवक ने पारिवारिक कलह के चलते खुदकुशी की है। सोमवार सुबह सेक्टर 2 में आसपास की सोसाइटी के लोग सैर कर रहे थे। इस दौरान कुछ लोगों ने एक पेड़ से युवक का शव लटका देखा। मृतक की शिनाख्त लालटेश (25), मूल निवासी जनपद संभल के रूप में हुई है।

### तेज रफ्तार डंपर से व्यक्ति कुचला, आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 मई।

दिल्ली के सदर बाजार इलाके में सोमवार सुबह तेज रफ्तार डंपर ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत मौके पर ही हो गई। मृतक के परिवार वालों ने डंपर के आगे बैठकर विरोध करना शुरू किया तो एक पुलिसकर्मी ने उन्हें हटाने के लिए डंडे चलाए। डंडे चलाने के बाद इलाके के लोगों ने खूब बवाल काटा। पुलिस इस मामले में सोमवार रात तक चुप्पी साधे हुए रही पुलिस के मुताबिक 36 साल के राहुल को दिल्ली मैट्रो के निर्माण में लगे डंपर ने टक्कर मारी थी, वह पास की झुग्गी बस्ती में परिवार के साथ रहते थे।

### झपटमारी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 मई।

पश्चिमी जिला के वाहन निरोधक दस्ता की पुलिस टीम ने लोगों से मोबाइल झपटमारी करने वाले दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दस मोबाइल और मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में से एक मोनू पहले से 15 मामलों में शामिल रहा है। जबकि उसका साथी रामू दस वारदात को अंजाम दे चुका है। मोटरसाइकिल भी दोनों ने चुराई थी और उसी से वारदात को अंजाम दे रहे थे।

### दिल्ली पुलिस की गाड़ी से कुचलकर शख्स की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 मई।

सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात करीब 03:27 बजे दिल्ली पुलिस के वाहन की चपेट में आने से 58 साल के शख्स की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आरोपी वाहन चालक की पहचान दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल प्रदीप कुमार के तौर पर की गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि घटना के वक्त कांस्टेबल काफी तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने सोमवार को बताया कि 58 साल के बैजनाथ उर्फ राकेश गुप्ता अपने परिवार के साथ त्रिलोकपुरी में रहते थे। उनकी बेटी शिवानी गुप्ता मीडिया इंफलुसर हैं। पुलिस ने बताया कि देर रात सूचना मिली थी कि भीकाजी कामा प्लेस मेट्रो स्टेशन के पास दिल्ली पुलिस के एसएचओ लिखा वाहन चला रहे चालक एक शख्स को टक्कर मार दी है। हादसे में शख्स की मौत हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने पाया कि शख्स गंभीर रूप से घायल है और वाहन क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी है।

### मुख्यमंत्री आवास पर सांसद स्वाति मालीवाल पर हमले का मामला

# महिला आयोग हमले की जांच के लिए भेजेगा टीम

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 मई।

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्लू) राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले की जांच के लिए एक टीम भेजेगा। एनसीडब्लू ने कहा कि वह इस मामले में कार्रवाई रपट (एटीआर) भेजने के लिए दिल्ली पुलिस को एक औपचारिक पत्र भी भेजेगा। आयोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर कथित तौर पर मारपीट की गई।

आयोग ने कदम उठाते हुए दिल्ली पुलिस से न्याय की मांग की है और एक जांच टीम भेजी है। पोस्ट में कहा गया कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। आयोग इस मामले में तीन दिन में एटीआर भेजने के लिए दिल्ली पुलिस को एक औपचारिक पत्र भेजेगा। दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आप की राज्यसभा सदस्य मालीवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री के निजी कर्मी पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। पुलिस को अब तक इस मामले में कोई औपचारिक शिकायत नहीं मिली है।

## आप पर दिल्ली भाजपा हमलावर

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 13 मई।

राज्यसभा सांसद एवं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के साथ सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास पर दुर्व्यवहार को लेकर प्रदेश भाजपा ने केजरीवाल सरकार को आड़े हाथों लिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पूरी घटना की जांच की जाए और सच को सामने लाया जाए।

दिल्ली भाजपा महामंत्री कमलजीत सहरावत एवं मंत्री बांसुरी स्वराज ने प्रदेश कार्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता कर स्वाति मालीवाल के साथ किए गए दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि जब आम आदमी पार्टी की सांसद एवं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष मुख्यमंत्री आवास में सुरक्षित नहीं है तो फिर दिल्ली की महिलाएं कैसे सुरक्षित हो सकती है। कमलजीत सहरावत ने कहा कि जो मुख्यमंत्री दिल्ली की महिलाओं की सुरक्षा की बात करते थे, आज उनके घर के अंदर ही महिला के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है। उन्होंने दिल्ली पुलिस से गुजारिश है कि इस घटना की जांच जल्द कर इसका खुलासा करें। बांसुरी स्वराज ने कहा कि एक महिला पर हाथ उठाना और उनके साथ दुर्व्यवहार शर्मसार करने की बात है। आधिकारिक कार्यालय में इस तरह की घटना का होना बेहद ही दुखद है। उन्होंने इस घटना को लेकर केजरीवाल से स्पष्टीकरण देने की मांग की हैं। कहा कि इससे पहले भी मुख्य सचिव के साथ मारपीट की घटना सामने आ चुकी है।

**'जो गारंटियां बांट रहें, उनके घर में ही महिला सुरक्षा की गारंटी नहीं'**

भाजपा नेता अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास के अंदर हुई घटना काफी शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि यह इंडिया गठबंधन किस प्रकार का गठबंधन है जिसमें एक पार्टी के अंदर इतनी बड़ी घटना हो गई और अभी तक किसी भी कांग्रेस नेता की प्रतिक्रिया नहीं आई। लवली ने कहा कि जो लोग पूरे देश में गारंटियां बांट रहे हैं आज उनके घर में ही महिला सुरक्षा की गारंटी नहीं है। वहीं इस मामले में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है की अरविंद केजरीवाल का अपनी एनजीओ समय की साथी स्वाति मालीवाल से दुर्व्यवहार कोई पहला मामला नहीं है। उन्होंने कहा कि एनजीओ युग की उनकी साथी किरण बेदी, शाजिया इल्मी, ऋचा पांडेय जैसे कितनी महिला अरविंद केजरीवाल की महिला विरोधी राजनीति से तंग आकर उनका साथ छोड़ चुकी हैं। सचदेवा ने कहा कि जानकारी के अनुसार स्वाति मालीवाल ने अरविंद केजरीवाल से कुछ तीखे सवाल किए थे जिसका जवाब देने की जगह केजरीवाल के सहयोगी ने दुर्व्यवहार किया। उन्होंने मांग की कि इस पूरी घटना की जांच की जाए और सच को सामने लाया जाए।


दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

यातायात निर्देशिका


आई.पी.एल. टी-20 क्रिकेट मैच
14-05-2024

दिल्ली कैपिटल्स बनाम लखनऊ सुपर जायन्टस
सायं 7:00 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक

HELP US SERVE YOU BETTER

महत्वपूर्ण संकेत

जिन वाहनों के पास पार्किंग लेबल नहीं है वे लाल तीर के निशान के अनुसार जाएं।
जिन वाहनों के पास पार्किंग लेबल है वे नीले तीर के निशान के अनुसार जाएं।
पार्क एण्ड राइड (माता सुन्दरी रोड, राजघाट, पावर हाउस वेलोड्रॉम फ्लाईओवर के नीचे से)
P — शटल सेवा के लिए पिक अप प्वाइंट
D — शटल सेवा के लिए ड्रॉप ऑफ प्वाइंट
T — टैक्सी (ड्रॉप ऑफ/पिक अप लेन)
मेट्रो स्टेशनों से शटल सेवा (प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन और आईटीओ मेट्रो स्टेशन) पार्क एण्ड राइड सुविधा माता सुन्दरी रोड, राजघाट पावर हाउस रोड और वेलोड्रॉम फ्लाईओवर के नीचे से



★ — स्टेडियम तक पहुँचने के लिए मेट्रो और पब्लिक ट्रांसपोर्ट का प्रयोग करें।

नजदीक मेट्रो स्टेशन :
दिल्ली गेट (गेट नं. 4 & 5)
आईटीओ (गेट नं. 3, 4 & 5)

यात्रा में असुविधा से बचने के लिए मेट्रो/बस की सवारी करें

दिल्ली कैपिटल्स द्वारा फ्री स्पेशल बस सर्विस
पार्किंगः माता सुन्दरी, राजघाट पॉवर हाउस रोड एवम वेलोड्रॉम रोड के नीचे से

सुरक्षा निर्देशः स्टेडियम में आने वाले दर्शकों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित प्रतिबंधित वस्तुएँ साथ में न लाएं
लैपटॉप, कैमरा, हैलमेट, बैग पैक, खाने-पीने की चीजें, पानी की बोतल, पॉवर बैंक, लाईटर और माचिस, चाकू और हथियार

अरुण जेटली स्टेडियम फिरोज शाह कोटला मैदान, नई दिल्ली

मार्ग परिवर्तन/प्रतिबंध
(जब एवं जैसे भी आवश्यक होगा)

मैच समाप्त होने के बाद डेढ़ घंटे के लिए यातायात परिवर्तित किया जायेगा। बहादुरशाह जफर मार्ग से जे.एल.एन. मार्ग पर, दरियागंज से बाहदुरशाह जफर मार्ग की तरफ और गुरू नानक चौक से आसफ अली रोड़ की तरफ हैवी वीइकल और बसों की अनुमति नही दी जाएगी। लोगों को सलाह दी जाती है कि मैच वाले दिन क्रमशः दोपहर 5:00 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक निम्नलिखित सड़कों का उपयोग करने से बचें क्योंकि दर्शकों की वजह से इन मार्गों पर भीड़-भाड़ रहने का अनुमान है।

राजघाट से जे.एल.एन. मार्ग तक
तुर्कमान गेट से दिल्ली गेट तक आसफ अली रोड
दिल्ली गेट से आई. टी. ओ. चौक तक बहादुर शाह जफर मार्ग

स्टेडियम में प्रवेश

1. गेट नम्बर 1, से 8 तक स्टेडियम के दक्षिणी पूर्वी भाग में स्थित हैं और इन गेटों में प्रवेश बहादुर शाह जफर मार्ग से दिया जाएगा।
2. गेट नम्बर 10, से 15 तक स्टेडियम के पूर्वी भाग में स्थित हैं और इन गेटों में प्रवेश जे.एल.एन. मार्ग पर अम्बेडकर स्टेडियम बस टर्मिनल के पास हैं।
3. गेट नम्बर 16, 17 एवं 18 स्टेडियम के पश्चिमी भाग में स्थित है और इन गेटों में प्रवेश बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित पैट्रोल पम्प के पास से है।

पार्किंग

लेबल वाले वाहन

वाहनों की फ्री पार्किंग माता सुंदरी रोड, राजघाट पावर हाउस रोड व वेलोड्राम रोड पर उपलब्ध है। व फ्री पार्क एंड राईड और शटल बस सेवा भी उपलब्ध है।
स्टेडियम के आसपास लेबल लगे वाहनों के लिए सीमित पार्किंग उपलब्ध है। गाड़ी के आगे शीशे पर कार पार्किंग लेबल चिपकाना अनिवार्य है। पार्किंग लेबल पर वाहन नम्बर अवश्य लिखा होना चाहिए। जिनके वाहनों पर वाहन नम्बर के साथ पार्किंग लेबल नहीं लगा होगा उन्हें स्टेडियम के पास जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कार पार्किंग लेबल धारकों को सलाह दी जाती है कि वे रिंग रोड, जे.एल.एन. मार्ग, आसफ अली रोड या बहादुर शाह जफर मार्ग का उपयोग करें। दिल्ली गेट से यू टर्न की अनुमति होगी। पार्किंग स्थल पी1 पी2 और पी3 के लिए प्रवेश केवल विक्रम नगर कट, शहीदी पार्क के नजदीक बहादुरशाह जफर मार्ग से दिया जाएगा।

सामान्य वाहन

मैच वाले दिन बहादुरशाह जफर मार्ग, जवाहरलाल नेहरू मार्ग और राजघाट से आई.पी. फ्लाईओवर तक रिंग रोड (दोनों परिवहन मार्ग) पर वाहनों को पार्क करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इन सड़कों पर खड़े वाहनों को उठा दिया जाएगा और नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

पार्क एण्ड राइड

दर्शकों व बिना लेबल लगे वाहनों के लिए 'पार्क एण्ड राइड' सुविधा निम्नलिखित स्थानों पर उपलब्ध कराई गई है:-
• माता सुंदरी पार्किंग • राजघाट पावर हाउस रोड • वेलोड्राम रोड

अपने वाहनों में आने वाले सभी दर्शक इन 'पार्क और राइड' जगह पर पहुँचे और स्टेडियम तक पहुँचने के लिए 'पार्क और राइड' सुविधा का लाभ उठाएं।

बस: सभी बसें मैच शुरू होने से 2 घंटे पूर्व से मैच शुरू होने के 1 घंटे बाद तक अपनी सेवायें देंगी। स्टेडियम से उनके सम्बंधित स्थानों तक बस सेवायें मैच समाप्त होते ही चालू हो जाएगी और समाप्त होने के बाद 1 घंटे तक जारी रहेंगी।

टैक्सी: एप आधारित सेवा एवं अन्य टैक्सियों का उपयोग करने वाले दर्शक ड्रॉप एवं पिकअप के लिए आई.पी. फ्लाईओवर एवं राजघाट क्रासिंग के बीच रिंग रोड पर सर्विस लेन का उपयोग करें।

24 घण्टे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095


### सेक्टर-18 में अपहरण का नाटक कर रील बना रहे तीन युवक गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 13 मई।

औद्योगिक महानगर के मिनी कनाट प्लेस के रूप में प्रसिद्ध सेक्टर-18 में कुछ युवकों को अपहरण की रील बनाना महंगा पड़ गया। लोगों ने इसे सचमुच में अपहरण समझ कर पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद थाना सेक्टर 20 पुलिस मौके पर पहुंचकर तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे तीनों युवक रील बनाकर इंस्टाग्राम पर डालते हैं।

जानकारी के मुताबिक, रविवार को तीन युवक सेक्टर 18 में रील शूट कर रहे थे। इस बीच वहां से गुजर रहे राहगीरों ने समझा कि दो युवक मिलकर तीसरे युवक का अपहरण कर रहे हैं। जिसके बाद सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अजीत कुमार निवासी सर्फाबाद नोएडा, दीपक निवासी बरौला नोएडा और अभिषेक कुमार निवासी सेक्टर 49 नोएडा के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ शांतिभंग की धारा में कार्रवाई की गई है। थाना सेक्टर 20 प्रभारी के मुताबिक घटना रविवार की है। तीनों आरोपी सेक्टर 18 में रोड पर करतबबाजी (स्टंट) करते हुए रील बना रहे थे। जिसे आरोपी इंस्टाग्राम पर डालकर प्रसारित कर रहे थे। इस बीच सूचना पर मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया।


CORDS
**कॉर्डस केबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
सीआईएन : L74999DL1991PLC046092
पंजीकृत कार्यालय : 94, पहली मंजिल, शंभू दयाल बाग मार्ग, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज-III के पास, पुराना ईश्वर नगर, नई दिल्ली-110020
दूरभाषः 011-40551200 फैक्स नंबरः 011-20887232
वेबसाइटः www.cordscable.com, ई-मेलः ccil@cordscable.com

**सूचना**

सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार , एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की 210वीं बैठक, शुक्रवार, 24 मई 2024 को दोपहर 12:00 बजे से 94, पहली मंजिल, शंभू दयाल बाग मार्ग, ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज-III के पास, पुराना ईश्वर नगर, नई दिल्ली-110020 में निम्न विषय पर आयोजित की जानी है.

- 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही/वित्तीय वर्ष के लिए ऑडिटर रिपोर्ट, कैश फ्लो स्टेटमेंट और संपत्तियों एवं देनदारियों के विवरण के साथ ऑडिटेड वित्तीय परिणामों पर अन्य बातों के साथ-साथ विचार और अनुमोदन करने हेतु ।
- आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के इक्विटी शेयरों पर अंतिम लाभांश, यदि कोई हो, की सिफारिश की मंजूरी के लिए।

उपरोक्त जानकारी कंपनी की वेबसाइट अर्थात (www.cordscable.com) और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटें जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात (www.bseindia.com) एवं (www.nseindia.com) पर भी उपलब्ध है।

सेबी (आतंरिक व्यक्तियों के ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 के अनुसार, कंपनी की प्रतिभूतियों में लेनदेन के लिए व्यापार खिड़की पहले ही सभी नामितों व्यक्तियों एवं उनके निकट संबंधियों के लिए प्रभावी तिथि 01 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही/वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम सार्वजनिक होने के 48 घंटे बाद तक बंद कर दी गई है।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते कॉर्ड्स केबल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/-
गरिमा पंत
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 13 मई 2024





www.readwhere.com

